# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## <u>प्रेस नोट</u>

**दिनांक-03.09.2023**

### थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा 02 नफ़र शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद मोटर साइकिल बरामद ।

---

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0387/2023 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1-दिलीप कुमार पुत्र राजकुमार नि0-जयरामपुर थाना सारनाथ वाराणसी व 2-सनी यादव पुत्र प्रमोद यादव नि0-नई बाजार पतेरवा थाना सारनाथ वाराणसी को दिनांक-02.09.2023 को समय करीब 19.20 बजे राजघाट गैस ऐजन्सी के समीप कबाड़ी की दुकान के पास तिलमापुर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गयी 01 अदद मोटरसाइकिल को बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>विवरण पूछताछ-</u>** पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तगणो ने बताया कि यह गाड़ी हम दोनो मिलकर दिनांक-31.08.2023 को तिलमापुर मे देशी शराब की दुकान से चोरी किये थे, गाड़ी बेचने के लिए ग्राहक की तलाश मे ईधर आये थे और ग्राहक का इन्तजार कर रहे थे कि आप लोगो द्वारा हमे पकड़ लिया गया ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>**

1-दिलीप कुमार पुत्र राजकुमार नि0-जयरामपुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 24 वर्ष ।

2-सनी यादव पुत्र प्रमोद यादव नि0-नई बाजार पतेरवा थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष ।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>** चोरी गयी 01 अदद मोटरसाइकिल होण्डा CD 110 नम्बर UP 65 CQ 9152 बरामद ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1-उ0नि0 कुमार गौरव सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

2-हे0का0 रंजीत द्विवेदी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

3-हे0का0 दिलीप यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

4-का0 महेन्द्र कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**


HONDA
CD110